## PART-I / भाग –I

(Qtns 1-20) / (प्रश्न-संख्या 1-20)

**Directions (Questions 1-2)**: *Choose the order of the sentences marked A, B, C, D and E to form a logical paragraph.*

1. A He was thrown on the road and lost consciousness.
   B After sometime, he opened his eyes to realize he was in a hospital.
   C Some people rushed towards him and tried to bring him to senses.
   D While rushing home, Anil was hit by a speeding car.
   E Since they did not succeed, they decided to take him to a hospital.
   (1) EDABC (2) CBADE (3) DACEB (4) BADCE

2. A Initially, he could not adjust at this place.
   B Now Dinesh is proud of his friends and he likes this place.
   C Dinesh was recently transferred to Partapur.
   D But all colleagues helped him.
   E Partapur is considered a rural area.
   (1) AEBDC (2) EDCAB (3) DBCEA (4) CEADB

**Directions (Questions 3-4):** *Choose the option that gives the best way of writing the sentence ensuring that the message is correctly conveyed.*

3. Notwithstanding some measures adopted by the previous government, even though half heartedly, the economic health of our country did not improve much as was expected, and this led to widespread disappointment among people.
   (1) Previous government did not make sufficient efforts to make economy better for the people of our country.
   (2) Some measures taken by the previous government were a failure and people got so much frustrated.
   (3) Some efforts made by the previous government were not good enough to improve economic condition, which failed to fulfill the expectations of the people.
   (4) Previous government failed miserably to improve economic condition of our nation and people are now so much unhappy.

4. The prevention of accidents makes it necessary that not only safety devices be used to guard exposed machinery but also that mechanics be instructed in safety rules which they must follow for their own protection, and that the lighting in the plant be adequate.
   (1) As workers do not follow safety measures and machinery in plants remains exposed, we witness so many accidents.
   (2) We can avoid accidents by adopting safety measures, training the workforce, not exposing the machinery and providing adequate lighting in the plant.
   (3) Most accidents are caused due to ignorance of workers and not taking sufficient safety measures.
   (4) There is an urgent requirement to take required safety measures in our factories and train our workforce to avoid accidents.

**Directions (Questions 5-6):** *In each of these questions, choose the option which can be substituted for the given words.*

5. One who hates mankind.
   (1) Hater (2) Atheist (3) Philanthropist (4) Misanthrope

6. A place where gambling is practised.
   (1) Casino (2) Hotel (3) Theatre (4) Restaurant

**Directions (Questions 7-8):** *Rearrange the jumbled alphabets in the following four options and find the odd word among them.*

7. (1) EVRIR (2) NEAOC (3) MRESTA (4) OERHS

8. (1) TBARLCE (2) ECNELCAK (3) ENBGLA (4) LCIPEN

**Directions (Questions 9-10):** *In each of these questions, choose the option that best captures the essence of the text.*

9. The Rajputs occupy an honoured place in the history of India. They were a war-like people, proud and patriotic. They were jealous of their honour, and would lay down their lives to uphold it. They loved their homes and fought bravely to defend the honour of their women-folk. Nothing would tame their spirits. Perils only called forth their courage and poverty only increased their power of resistance. None could fight like them. Their motto was 'Better death than dishonour.'
   (1) The Rajputs were quite famous for their pride and honour.
   (2) The Rajputs are known for their sacrifices for the country.
   (3) The rise and fall of Rajputs have been really dramatic in the history of India.
   (4) The Rajputs were really the spirited heroes of Indian history.

10. In the past thirty years, drugs have been discovered that prevent and cure physical disease and reverse the disturbances that occur in some mental illness. Excitement over what drugs can do has led people to believe that any ailment, infective or psychic, can be relieved by taking a pill. At the first sign of nervousness, they try pep pills. Medical journals now advertise tranquillizers, and other mood-altering drugs; doctors prescribe them; and the public expects miracles from them. In such an atmosphere, it is not surprising that drug abuse has spread.
    (1) Any ailment from which we suffer can be cured by medicines in a short time.
    (2) In the recent years, there has been a misplaced trust in drugs.
    (3) Doctors now cure all diseases.
    (4) We should not have trust in all kinds of medicines.

11. निम्नलिखित प्रश्नों में से किस शब्द की वर्तनी सही (शुद्ध) है?
(1) अन्तर्ध्यान (2) अन्तर्धान (3) अन्तरध्यान (4) अन्त:ध्यान

12. निम्नलिखित में से किस शब्द की वर्तनी सही (शुद्ध) है?
(1) संन्यासी (2) सन्यासी (3) संयासी (4) सनियासी

13. वारिद का पर्यायवाची शब्द है
(1) बिजली (2) चंद्रमा (3) बादल (4) कमल

14. शांभवी का पर्यायवाची शब्द है
(1) पार्वती (2) दासी (3) पत्नी (4) दुर्गा

15. 'मुख्य' का विलोम शब्द है
(1) विमुख (2) प्रतिमुख (3) गौण (4) सामान्य

16. दक्षिण का विलोम शब्द है
(1) पूरब (2) पश्चिम (3) दायाँ (4) वाम

**निर्देश (प्रश्न 17-18):** इन प्रश्नों में दिए गए वाक्यांशों के सही अर्थ को व्यक्त करने वाला शब्द (अनेक शब्दों के लिए एक शब्द) दिए गए विकल्पों में से चुनिए।

17. जिसका इंद्रियों से अनुमान न किया जा सके
(1) जितेन्द्रिय (2) कालजयी (3) अतीन्द्रिय (4) सर्वजयी

18. जिसे बुलाया न गया हो
(1) अतिथि (2) अभ्यागत (3) अनाहूत (4) अनचाहा

19. "बिल्ली को पहले दिन ही मार डालना चाहिए" - इस लोकोक्ति का सही अर्थ है
(1) दुश्मन पर पहले ही वार कर देना चाहिए
(2) बुरा समय आते ही सचेत हो जाना चाहिए
(3) रौब पहले ही दिन पड़ता है, बाद में नहीं
(4) भय का शमन शुरू में ही कर देना चाहिए

20. "चूहे के चाम से नगाड़े नहीं मढ़े जाते" - इस लोकोक्ति का सही अर्थ है
(1) सीमित साधनों से काम चलाना.
(2) छोटा होकर बड़ा काम करना
(3) सीमित साधनों से बड़े काम नहीं होते
(4) कंजूसी करना

## भाग -II

(प्रश्न-संख्या 21-60)

21. दो अंकों की कौन-सी संख्या अपने अंकों के वर्ग के योग से 11 कम और उनके गुणनफल के दुगने से 5 अधिक होगी?
(1) 15, 95 (2) 95 (3) 15, 95 और 12345 (4) इनमें से कोई नहीं

22. एक बॉक्स में टेनिस की 2, क्रिकेट की 3 और स्क्वैश की 4 गेंदें हैं। एक के बाद एक बदलकर लगातार तीन गेंदें निकाली जाती हैं। पहली गेंद टेनिस की, दूसरी गेंद क्रिकेट की और तीसरी गेंद स्क्वैश की होने की प्रायिकता क्या होगी?
(1) $\frac{5}{243}$ (2) $\frac{8}{243}$ (3) $\frac{4}{243}$ (4) $\frac{7}{243}$

23. ₹ 12 प्रति लीटर कीमत वाले सोडा में किस अनुपात में पानी मिलाने पर मिश्रित तरल को ₹ 13.75 प्रति लीटर कीमत पर बेचने से 25% लाभ होगा?
(1) 10 : 1 (2) 11 : 1 (3) 1 : 11 (4) 12 : 1

24. एक बारटेंडर ने एक बोतल से शैम्पेन चुरा ली जिसमें 50% स्पिरिट था और इसकी जगह इसमें ऐसी शैम्पेन डाल दी जिसमें 20% स्पिरिट था। अब उस बोतल में केवल 25% स्पिरिट रहा। बोतल में से उसने कितनी शैम्पेन चुराई?
(1) 80.00% (2) 83.33% (3) 85.71% (4) 88.88%

25. ₹ 4500 में एक म्यूजिक सिस्टम बेचने पर विक्रेता को 16.66% हानि होती है। यदि वह इसे ₹ 5703.75 में बेचे तो उसे कितने प्रतिशत हानि या लाभ होगा?
(1) 5.625% हानि (2) 8.33% लाभ (3) 7.0% हानि (4) 5.6% लाभ

26. यदि मूलधन *P* अर्धवार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज दर *R*% पर 2 वर्षों में Q हो जाए और यदि यही मूलधन *P* वार्षिक ब्याज दर *S*% पर 2 वर्षों में Q हो जाए तो निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?
(1) $R > S$ (2) $R = S$ (3) $R < S$ (4) इनमें से कोई नहीं

27. एक बेईमान दूधवाला हर तीन लीटर दूध में एक लीटर पानी मिला देता है और इस प्रकार 36 लीटर दूध तैयार करता है। इसके बाद यदि वह इस मिश्रण में 15 लीटर दूध मिला दे तो नए मिश्रण में दूध और पानी का अनुपात क्या होगा?
(1) 12 : 5 (2) 14 : 3 (3) 7 : 2 (4) 9 : 4

28. अजय और विजय ₹ 200 में एक काम तय करते हैं। अजय अकेले इस काम को 24 दिनों में जबकि विजय अकेले 30 दिनों में पूरा कर सकता है। प्रदीप की मदद से वे इस काम को 12 दिनों में पूरा करते हैं। प्रदीप को उसके काम के लिए कितना पैसा मिलना चाहिए?
(1) ₹ 20 (2) ₹ 100 (3) ₹ 180 (4) ₹ 50

29. एक टैंक में दो पाइप हैं। पाइप *A* टैंक को भरती है जबकि पाइप *B* इसे खाली करती है। यदि *A* टैंक को 10 घंटे में भर सकती हो और *B* इसे 15 घंटे में खाली कर सकती हो तो आधी खाली टैंक को पूरा भरने में कितना समय लगेगा?
(1) 30 घंटे (2) 15 घंटे (3) 20 घंटे (4) 33.33 घंटे

30. एक कार एक सीधी सड़क पर एक निश्चित दूरी का एक तिहाई भाग 10 किमी. प्रति घंटे के वेग से, अगला एक तिहाई भाग 20 किमी. प्रति घंटे के वेग से और आखिरी एक तिहाई भाग 60 किमी. प्रति घंटे के वेग से तय करती है। समूची यात्रा (दूरी) के लिए कार का औसत वेग कितना है?
(1) 15 किमी./घंटे (2) 10 किमी./घंटे (3) 20 किमी./घंटे (4) 18 किमी./घंटे

**निर्देश (प्रश्न 31-33):** इन प्रश्नों के उत्तर देने के लिए नीचे दी गई सूचना पढ़ें।

एक परिवार में सात सदस्य हैं जो आपस में या तो विवाह या खून के रिश्ते से जुड़े हैं। जहां खून का रिश्ता या तो सहोदर भाइयों – बहनों के बीच है या किसी व्यक्ति के प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष वंशजों के बीच है, वहीं सामाजिक संबंध दो अलग-अलग परिवारों से एक पुरूष और एक महिला के बीच विवाह के माध्यम से स्थापित है। उनके बीच रिश्ते को निम्नलिखित रूप में वर्णित किया गया है

सारिका, सोनू जयती, राणा, सुप्रिया, अमित और राहुल एक परिवार के सदस्य हैं। अमित और राहुल बाप-बेटे हैं। राहुल की बहन सारिका का एक बेटा सोनू और एक बेटी जयती है। राणा, सोनू का मामा है जबकि सुप्रिया, राणा की एक और बहन है।

31. राहुल के कितने भतीजे/भांजे हैं?

(1) एक (2) दो (3) तीन (4) चार

32. राणा का सारिका से क्या रिश्ता है?

(1) देवर/जीजा (2) भाई

(3) भतीजा/भांजा (4) निर्धारित नहीं किया जा सकता

33. सुप्रिया का सारिका से क्या रिश्ता है?

(1) बहन (2) भतीजी/भांजी (3) बेटी (4) इनमें से कोई नहीं

**निर्देश (प्रश्न 34-36):** नीचे दिए गए प्रश्नों में दो कथन दिए गए हैं जिनके बीच कारण और प्रभाव का एक संबंध है। अपना उत्तर निम्नलिखित रूप में अंकित करें।

(1) यदि कथन I 'कारण' है और कथन II 'प्रभाव' है।

(2) यदि कथन II 'कारण' है और कथन I 'प्रभाव' है।

(3) यदि कथन I और II दोनों ही एक आम 'कारण' के 'प्रभाव' हैं।

(4) यदि कथन I और II दोनों स्वतंत्र कारणों के 'प्रभाव' हैं।

34. कथन I : द टाइम्स ऑफ इंडिया ने आज एक रिपोर्ट छापी है कि वाराणसी में गंगा के पानी में स्वीकार्य सीमा से काफी ज्यादा मात्रा में प्रदूषक मिले हैं।

कथन II : किसी भंयकर स्थिति से बचने के लिए उस क्षेत्र में रह रहे लोगों को किसी अन्य क्षेत्र में स्थानांतरित किया जाएगा।

35. कथन I : सरकार ने टिहरी बांध से पीने के सुरक्षित पानी की आपूर्ति के लिए व्यवस्था करने की योजना बनाई है।

कथन II : कानपुर में गंगा का पानी नहाने के लायक भी नहीं है क्योंकि इसमें प्रदूषकों का स्तर काफी अधिक है।

36. कथन I : देश में इंटरनेट का प्रयोग करने वालों को हैकरों के पकड़े जाने तक इंटरनेट का प्रयोग करते समय सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

कथन II : सरकारी तंत्र (मशीनरी) हैकिंग के लिए जिम्मेदार व्यक्तियों को पकड़ने के पूरे प्रयास करेगा और अपने सभी वेबसाइट के लिए एक बढ़िया इंटरनेट सुरक्षा प्रणाली लागू करेगा।

37. नीचे दी गई श्रृंखला में '?' की जगह सही विकल्प रखकर इसे पूरा करें।

26AZ, 24CX, 22EV, ?, 18IR

(1) 20HS (2) 18JQ (3) 20GS (4) 20GT

38. फोटो में एक व्यक्ति की ओर इशारा करके साक्षी ने कहा, "इसका भाई, मेरी दादी के बेटे का पिता है"। साक्षी का फोटो के उस व्यक्ति से क्या रिश्ता है?

(1) भाई की पोती (2) भतीजी (3) बेटी (4) पोती

**निर्देश (प्रश्न 39-40):** इन प्रश्नों में से वह एक विकल्प चुनें जो एक खास अर्थ में बाकी विकल्पों से भिन्न है।

39. (1) 49-42 (2) 64-56 (3) 100-92 (4) 144-132

40. (1) 3, 5, 7, 9, 11 (2) 7, 11, 13, 17, 19 (3) 3, 7, 11, 13, 17 (4) 7, 11, 13, 17, 23

41. एम एस वर्ड में एक बुकमार्क का प्रयोग किया जाता है

(1) किसी अन्य फाइल या वेबपेज का एक हाइपरलिंक तैयार करने के लिए

(2) चालू दस्तावेज में किसी स्थान विशेष पर तेजी से पहुंचने के लिए

(3) चालू दस्तावेज के भीतर एक मौजूदा वर्ड दस्तावेज खोलने के लिए

(4) इनमें से कोई नहीं

42. मैक्रो क्या हैं?

(1) VBA का प्रयोग करते हुए दोहराव वाले कार्यों को स्वचालित बनाने के लिए MS-वर्ड में तैयार किए गए छोटे कार्यक्रम

(2) छोटे ऐड-ऑन कार्यक्रम जो बाद में डाले जाते हैं यदि आपको उनकी जरूरत हो

(3) प्रोग्रामिंग लैंग्वेज जिसे आप MS-वर्ड को कस्टमाइज करने के लिए प्रयोग कर सकते हैं

(4) वर्ड में बृहत् टूल जैसे कि मेल मर्ज

43. निम्नलिखित में से किस किस्म की सीरीज, फिल सीरीज डॉयलॉग बॉक्स के लिए वैध नहीं है?

(1) लीनियर (2) ग्रोथ (3) ऑटोफिल (4) टाइम

44. पेस्ट स्पेशल कमान का प्रयोग करते हुए चयनात्मक रूप से आप निम्नलिखित में से किसे पेस्ट कर सकते हैं?

(1) वैलिडेशन (2) फॉर्मेट (3) फॉर्मूला (4) ये सभी

45. स्लाइड पर टेक्स्ट को होल्ड करके रखने वाले ऑब्जेक्ट कहलाते हैं

(1) प्लेसहोल्डर (2) ऑब्जेक्ट होल्डर (3) ऑटो लेआउट (4) टेक्स्ट होल्डर

46. MS-एक्सेल में किसी वर्कशीट में टंकित (टाइप) किया गया कुछ भी __________ में प्रकट होता है।

(1) केवल फॉर्मूला बार (2) केवल सक्रिय सेल

(3) सक्रिय सेल और फॉर्मूला बार दोनों (4) इनमें से कोई नहीं

47. यू आर एल (URL) का पूरा नाम है

(1) यूनिफॉर्म रीड लोकेटर (2) यूनिफॉर्म रिसोर्स लोकेटर

(3) यूनिकोड रिसर्च लोकेशन (4) यूनाइटेड रिसर्च लोकेटर

48. इंटरनेट से जुड़ने के लिए कम्प्यूटर को एक ________ से जोड़ना पड़ता है।

(1) इंटरनेट आर्किटेक्चर बोर्ड (2) इंटरनेट सोसाइटी

(3) इंटरनेट सेवा प्रदाता (4) इनमें से कोई नहीं

49. विंडोज़ XP / विंडोज़ 7 में "हाइबरनेट" का क्या अर्थ है?

(1) कम्प्यूटर को सुरक्षित तरीके से पुनः चालू करना

(2) कम्प्यूटर को परिशयन तरीके में पुनः चालू करना

(3) सभी चालू ऑपरेशनों को खत्म करते हुए कम्प्यूटर शटडाउन करना

(4) चालू ऑपरेशनों को बंद किए बगैर कम्प्यूटर को शटडाउन करना

50. कम्प्यूटर के सभी प्रोसेस और चेक निष्पादन को आप कहां देख सकते हैं?

(1) प्रोसेस मॉनिटर में (2) टास्क मैनेजर में

(3) टास्क मॉनिटर में (4) प्रोसेस मैनेजर में

51. मानव लाल रक्त कणिकाओं की जीवन-अवधि लगभग कितनी होती है?

(1) 120 दिन (2) 180 दिन (3) 245 दिन (4) 270 दिन

52. निम्नलिखित में से किस मुगल शासक ने भारत पर दो बार शासन किया?

(1) शाहजहां (2) हुमायूं (3) बाबर (4) जहांगीर

53. निम्नलिखित शब्दों में से कौन सा 42वे संशोधन द्वारा भारतीय संविधान में जोड़ा गया था?

(1) संघीय (2) लोकतान्त्रिक (3) समाजवादी धर्मनिरपेक्ष (4) गणतंत्र

54. वायुमंडल की कौन सी परत पृथ्वी पर रेडियो संचार को संभव करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है?

(1) क्षोभ मंडल (2) क्षोभ सीमा (3) आयन मंडल (4) चुंबक मंडल

55. अपुष्ट समाचार

(1) सभी कर्मचारियों को सभी दिशाओं में जोड़ता है। (2) हितबद्ध समूह बनाता है।

(3) किसी संगठन में संचार को अवरूद्ध करता है। (4) इनमें से कोई नहीं

56. यू एस (अमेरिकी) ओपन टेनिस ग्रैन्ड स्लैम प्रतियोगिता 2014 का महिला एकल खिताब किसने जीता?

(1) सेरेना विलियम्स (2) कैरोलिन वोज्नियाकी (3) मारिया शारापोवा (4) एस. लिसिस्की

57. ऑनलाइन रिटेल (खुदरा व्यापार) के क्षेत्र की बड़ी कंपनी 'अलीबाबा' किस देश की कंपनी है, जिसने सितम्बर 2014 में न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज में स्टॉक बाजार में रिकॉर्ड तोड़ शुरूआत की?

(1) भारत (2) पाकिस्तान (3) चीन (4) सं.रा. अमेरिका

58. सितम्बर 2014 में भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने भारत सरकार द्वारा 1993 से आबंटित किए गए कितने कोयला खंडों का आबंटन रद्द कर दिया?

(1) 214 (2) 218 (3) 216 (4) 212

59. भारत ने लगभग कितने डॉलर की लागत पर मार्स आर्बिटर मिशन (MOM) सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया?

(1) 74 मिलियन (2) 671 मिलियन (3) 2.5 बिलियन (4) 450 मिलियन

60. भारत के किस राष्ट्रीयकृत बैंक ने हाल ही में श्रीलंका में अपने परिचालन के 150 वर्ष पूरे किए?

(1) भारतीय स्टेट बैंक (2) सिंडिकेट बैंक

(3) इलाहाबाद बैंक (4) बैंक ऑफ बड़ौदा

₹ 15 जुलाई 2010

## भाग -III

(प्रश्न-संख्या 61-160)

61. केन्द्र सरकार के एक विभाग द्वारा गठित स्थानीय खरीद समिति हर बार में कुल ₹ ______ मूल्य तक की मदें खरीद सकती है।
(1) 50,000 (2) 1,00,000 (3) 1,50,000 (4) 2,00,000

62. केन्द्र सरकार के किसी विभाग में सीमित निविदा पूछताछ के माध्यम से मदों की खरीद के लिए बोली संबंधी दस्तावेज की प्रतियां पंजीकृत आपूर्तिकर्ताओं को ________ के माध्यम से भेजी जाएंगी।
(1) तीव्र डाक (स्पीड पोस्ट) (2) पंजीकृत डाक
(3) कूरियर (4) ये सभी

63. केन्द्र सरकार के किसी विभाग में सीमित निविदा पूछताछ के माध्यम से खरीद के मामले में पंजीकृत आपूर्तिकर्ता फर्मों की संख्या ________ से अधिक होनी चाहिए।
(1) दो (2) तीन (3) चार (4) पांच

64. केन्द्र सरकार के किसी विभाग में ₹________ से ऊपर की लागत की मदों के लिए विज्ञापित निविदा पूछताछ के माध्यम से माल की खरीद की जाएगी।
(1) 15 लाख (2) 20 लाख (3) 25 लाख (4) 30 लाख

65. केन्द्र सरकार के किसी विभाग में वस्तुओं की खरीद के लिए बोली सुरक्षा (बयाना) की राशि साधारणतया वस्तुओं के अनुमानित मूल्य के ________ प्रतिशत के बीच रहनी चाहिए।
(1) 5 से 7 (2) 2 से 5 (3) 7 से 10 (4) 10 से 12

66. केन्द्र सरकार के किसी विभाग के लिए अनुरक्षण (रख-रखाव) संविदा के मामले में कार्य-निष्पादन सुरक्षा बोली लगाने वाले सफल पक्ष द्वारा एक ____________ के रूप में प्रस्तुत (जमा) की जाएगी।
(1) डिमांड ड्राफ्ट (2) मियादी जमा रसीद
(3) बैंक गारंटी (4) ये सभी

67. केन्द्र सरकार के किसी विभाग में बोली लगाने वाले असफल पक्षों का बयाना संविदा प्रदान किए जाने की तारीख से __________ दिनों के भीतर लौटा दिया जाएगा।
(1) 15 (2) 20 (3) 30 (4) 45

68. केन्द्र सरकार के किसी विभाग द्वारा की गई किसी संविदा के लिए निजी फर्मों को अग्रिम भुगतान राशि संविदा के कुल मूल्य के _____ प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिए।
(1) 20 (2) 30 (3) 40 (4) 50

69. केन्द्र सरकार के किसी विभाग में किसी एकल स्रोत के माध्यम से माल की खरीद के लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किया जाने वाला प्रमाणपत्र कहलाता है?
(1) एकल वस्तु प्रमाणपत्र (2) एकायत्त वस्तु प्रमाणपत्र
(3) विशेष वस्तु प्रमाणपत्र (4) मानक वस्तु प्रमाणपत्र

70. केन्द्र सरकार के किसी विभाग द्वारा पच्चीस लाख रूपए से अधिक लागत की मदों की खरीद के मामले में सीमित निविदा पूछताछ विधि अपनाई जा सकती है बशर्ते

(1) मांग अत्यावश्यक हो

(2) विज्ञापित पूछताछ के माध्यम से ऐसा करना जनहित में न हो

(3) आपूर्ति के स्रोत निश्चित तौर पर ज्ञात हों

(4) ये सभी

71. जब पच्चीस लाख रूपए से अधिक लागत की वस्तुओं की खरीद के मामले में विदेशी आपूर्तिकर्ता भी शामिल हों तो बोलियां प्रस्तुत (जमा) करने के लिए न्यूनतम अवधि प्रकाशन की तारीख से ________ होनी चाहिए।

(1) दो सप्ताह (2) तीन सप्ताह (3) चार सप्ताह (4) छह सप्ताह

72. केन्द्र सरकार के किसी विभाग द्वारा खरीद के मामले में बोलियों को खोलने के दौरान पारदर्शिता और निष्पक्ष प्रतिस्पर्द्धा सुनिश्चित करने के लिए अनिवार्य आवश्यकता है/हैं

(1) बोलियों को निर्धारित समय और स्थान पर खोलना

(2) बोलियां सार्वजनिक रूप से खोलना

(3) बोली लगाने वाले पक्षों के प्रतिनिधियों को हाजिर होने की अनुमति देना

(4) ये सभी

73. केन्द्र सरकार के किसी विभाग में खरीद की दर संविदा प्रणाली में जहां समान मद के लिए कई फर्म दर संविदा पर हों वहां फर्मों के साथ निम्नलिखित में से किसकी अनुमति है?

(1) मोल-तोल (2) प्रति-प्रस्ताव (3) (1) और (2) दोनों (4) इनमें से कोई नहीं

74. भारत में कराधान प्रणाली में मूल्य वर्धित कर (VAT) वर्ष ________ से शुरू किया गया।

(1) 2003 (2) 2004 (3) 2005 (4) 2006

75. केन्द्र सरकार के कर्मचारियों के लिए छठे वेतन आयोग की सिफारिशों के अनुसार केन्द्रीय सिविल सेवा (संशोधित वेतन) नियमावली वर्ष ________ में अधिसूचित की गई।

(1) 2007 (2) 2008 (3) 2009 (4) 2010

76. केन्द्र सरकार के कर्मचारियों के लिए छठे वेतन आयोग की सिफारिशों के बाद सी सी एस (संशोधित वेतन) नियमावली के अनुसार वेतनवृद्धि की एकसमान तारीख वर्ष की ________ रखी गई है।

(1) 1 अप्रैल (2) 1 जून (3) 1 जुलाई (4) 1 सितंबर

77. केन्द्र सरकार की सेवा में किसी पद पर प्रथम नियुक्ति पर प्रत्येक व्यक्ति नियुक्ति की तारीख से पहले या ________ के भीतर स्वास्थ्य संबंधी एक चिकित्सा प्रमाणपत्र प्रस्तुत करेगा।

(1) एक सप्ताह (2) पन्द्रह दिन (3) एक महीने (4) दो महीने



FR 10(4)

78. केन्द्र सरकार के किसी कर्मचारी को निम्नलिखित में से किस परिस्थिति में कम वेतन वाले पद पर स्थानांतरित किया जा सकता है?

(1) अक्षमता के आधार पर
(2) दुर्व्यवहार करने पर
(3) उसके लिखित अनुरोध पर
(4) ये सभी

79. किसी व्यक्ति को केन्द्र सरकार के किसी कर्मचारी पर पूर्णत: आश्रित माना जाता है बशर्ते वह उस कर्मचारी के साथ निवास करता हो और सभी स्रोतों से उसकी कुल आय ₹ _____ प्रति माह से अधिक न हो।

(1) 1,500
(2) 2,500
(3) 3,500
(4) 4,500

80. केन्द्र सरकार के किसी कर्मचारी के संबंध में निम्नलिखित में से क्या 'वेतन' का हिस्सा नहीं है?

FR 19

(1) महंगाई भत्ता
(2) अंतरिम राहत
(3) प्रैक्टिसबंदी भत्ता
(4) परिवहन भत्ता

81. केन्द्र सरकार के किसी कर्मचारी के परिवार के किसी सदस्य को स्थानांतरण पर उसके साथ रहा माना जाएगा बशर्ते वह स्थानांतरण के ____ महीने के भीतर उसके पास चला गया हो।

(1) तीन
(2) चार
(3) छह
(4) नौ

82. केन्द्र सरकार के किसी कर्मचारी को भत्ते की मंजूरी के प्रयोजनार्थ किसी स्थान को हिल स्टेशन (पर्वतीय स्थान) घोषित करने वाला सक्षम प्राधिकारी कौन है?

(1) भारत सरकार
(2) राज्य सरकार
(3) जिला मजिस्ट्रेट
(4) नगर निगम

83. केन्द्र सरकार के कर्मचारियों के संबंध में वेतनमान की सिफारिशों के लिए सातवें वेतन आयोग का अध्यक्ष कौन है?

(1) विवेक राय
(2) डॉ. रथिन राय Temprory
(3) न्यायमूर्ति अशोक कुमार माथुर
(4) मीना अग्रवाल Secretory

84. निम्नलिखित में से किस प्रशिक्षण के दौरान केन्द्र सरकार के किसी कर्मचारी को ड्यूटी पर माना जाता है?

(1) राष्ट्रीय रक्षा कॉलेज में प्रशिक्षण
(2) सिविल गार्ड प्रशिक्षण/ड्यूटी
(3) प्रादेशिक सेना में प्रशिक्षण
(4) ये सभी

85. विदेश सेवा के दौरान केन्द्र सरकार का कोई कर्मचारी __________ से अपना वेतन प्राप्त करता है।

(1) भारत की समेकित निधि
(2) राज्य की समेकित निधि
(3) संघशासित क्षेत्र की समेकित निधि
(4) इनमें से कोई नहीं

86. चिकित्सा पद धारण करने वाले केन्द्र सरकार के किसी कर्मचारी के लिए लागू कुल मूल वेतन और प्रैक्टिसबंदी भत्ता (NPA) ______________ से अधिक नहीं होगा।

(1) ₹75,000
(2) ₹80,000
(3) ₹85,000
(4) ₹90,000

87. केन्द्र सरकार के जिस कर्मचारी को वेतन या छुट्टी वेतन प्राप्त न हो रहा हो उसे __________ महीने में एक बार निर्वाह अनुदान दिया जाएगा।

(1) तीन (2) दो (3) एक (4) छह

88. केन्द्र सरकार के स्थायी कर्मचारियों के मामले में उनके अन्य विभाग में नियोजित रहने पर भी मूल विभाग में ______ वर्ष की अवधि के लिए पद पर उनका लियन रखा जा सकता है।

(1) एक (2) दो (3) तीन (4) चार

89. केन्द्र सरकार का जो कर्मचारी कार्यालयी कार्य के लिए उपयोगी उच्चतर अर्हता (योग्यता) प्राप्त करता है वह अधिकतम ₹__________ की शर्त के साथ अग्रिम वेतनवृद्धि के रूप में एक बार एकमुश्त प्रोत्साहन राशि पाने का हकदार होता है।

(1) 5,000 (2) 7,500 (3) 10,000 (4) 15,000

90. सरकार के स्वामित्वाधीन आवासों के मामले में केन्द्र सरकार के कर्मचारियों से वसूला जाने वाला मानक लाइसेन्स शुल्क आवास की वार्षिक पूंजी लागत का ________ प्रतिशत होता है।

(1) चार (2) पांच (3) छह (4) सात

91. केन्द्र सरकार के कर्मचारियों के लिए नई अंशदायी पेंशन योजना वर्ष ______ से लागू (प्रभावी) हुई है।

(1) 2002 (2) 2003 (3) 2004 (4) 2006

92. केन्द्र सरकार के किसी कर्मचारी के पेंशन का कोई हिस्सा जहां रोका या वापस लिया जाता है, वहां धनराशि घटाकर ₹____ प्रति माह से कम नहीं की जाएगी।

(1) 350 (2) 375 (3) 400 (4) इनमें से कोई नहीं

93. केन्द्र सरकार के किसी कर्मचारी की सेवानिवृत्ति के समय पेंशन-संबंधी हितलाभ के लिए निम्नलिखित में से क्या अर्हक सेवा के रूप में नहीं गिनी जाती?

(1) प्रशिक्षण की अवधि

(2) असाधारण छुट्टी

(3) निलंबन की अवधि

(4) (1) और (3) दोनों

94. सं.रा. सचिवालय या किसी अन्य अंतरराष्ट्रीय संगठन में विदेश सेवा पर प्रतिनियुक्त किया गया केन्द्र सरकार का कोई कर्मचारी जो पेंशन संबंधी हितलाभ के लिए हकदार बनता है वह

(1) अपनी पसंद के विकल्प पर ऐसे संगठन से पेंशन संबंधी हितलाभ ले सकता है

(2) अपनी पसंद के विकल्प पर ऐसे संगठन से सेवानिवृत्ति संबंधी हितलाभ ले सकता है

(3) (1) और (2) दोनों

(4) केवल मूल विभाग से पेंशन संबंधी हितलाभ ले सकता है

95. केन्द्र सरकार के किसी कर्मचारी की पेंशन के प्रयोजनार्थ औसत परिलब्धियां उसकी सेवा के आखिरी _____ महीनों के दौरान उसके द्वारा आहरित परिलब्धियों के हिसाब से निर्धारित की जाएंगी।

(1) छह (2) आठ (3) दस (4) बारह

96. केन्द्र सरकार के किसी कर्मचारी के लिए स्वीकार्य पेंशन की किस्म है

(1) अधिवर्षिता पेंशन
(2) सेवानिवृत्ति पेंशन
(3) प्रतिकर पेंशन
(4) ये सभी

97. 20 वर्षों की अर्हक सेवा पूरी कर चुके और सेवानिवृत्ति चाहने वाले केन्द्र सरकार के किसी कर्मचारी को इस बारे में कम से कम ____ महीने पहले अपने नियुक्ति प्राधिकारी को नोटिस देनी होगी।

(1) दो (2) तीन (3) चार (4) छह

98. केन्द्र सरकार का जो कर्मचारी 60 वर्ष की आयु के बाद नई पेंशन योजना का स्तर (टीयर)-I छोड़ता है, उसे एक वार्षिकी खरीदने के लिए पेंशन राशि (संपत्ति) का ________ प्रतिशत निवेश करना होगा।

(1) 20 (2) 30 (3) 40 (4) 50

99. निम्नलिखित में से किस राज्य में नौकरी कर रहे केन्द्र सरकार के कर्मचारियों के लिए यात्रा भत्ते में विशेष सुविधाएं स्वीकार्य हैं?

(1) मणिपुर
(2) सिक्किम
(3) जम्मू-कश्मीर का लद्दाख क्षेत्र
(4) ये सभी

100. केन्द्र सरकार का श्रेणी I का कोई अधिकारी, जो अरूणाचल प्रदेश और नागालैंड में ड्यूटी पर यात्रा कर रहा हो, वह यात्रा भत्ते (टी ए) के अनुसार सामान ढोने के लिए अधिकतम ____ भारिकों (पोर्टर) को काम पर लगा सकता है।

(1) चार (2) पांच (3) छह (4) आठ

101. ₹ _____ और इससे अधिक ग्रेड वेतन ले रहे केन्द्र सरकार के कर्मचारी ड्यूटी के लिए दौरे पर शताब्दी में इक्जिक्युटिव श्रेणी और राजधानी ट्रेन में वातानुकूलित (AC) प्रथम श्रेणी में यात्रा करने के हकदार हैं।

(1) 4,800 (2) 5,400 (3) 6,600 (4) 7,600

102. केन्द्र सरकार में समूह 'क' और 'ख' पदों के अंतर्गत नियोजन (नौकरी) के उद्देश्य से साक्षात्कार के लिए बुलाए गए व्यक्तियों के लिए _____ किमी. तक की यात्रा के लिए कोई यात्रा भत्ता स्वीकार्य नहीं है।

(1) 150 (2) 200 (3) 250 (4) 500

103. केन्द्र सरकार के किसी कर्मचारी द्वारा छुट्टी यात्रा रियायत (LTC) लेने के मामले में जहां अग्रिम लिया गया हो, वहां LTC की प्रतिपूर्ति के लिए दावा वापसी यात्रा पूरी होने की तारीख से _____ महीने के भीतर किया जाएगा।

(1) तीन (2) दो (3) एक (4) छह

104. जो व्यक्ति केन्द्र सरकार की सेवा में शामिल होता है उसे प्रथम ______ वर्षों के लिए LTC का लाभ लेने के प्रयोजनार्थ एक नई भर्ती के रूप में गिना जाता है।

(1) चार (2) छह (3) आठ (4) दस

105. निम्नलिखित में से किस किस्म की छुट्टी के दौरान केन्द्र सरकार का कोई कर्मचारी LTC सुविधाओं का लाभ लेने का हकदार नहीं होता?

(1) विशेष आकस्मिक छुट्टी
(2) अध्ययन छुट्टी
(3) प्रसूति छुट्टी
(4) शिशु देखभाल छुट्टी

106. सी एस (एम ए) नियमावली, 1944 के अनुसार केन्द्र सरकार के किसी कर्मचारी के लिए प्राधिकृत चिकित्सीय परिचर का निर्धारण उसके _________ के हिसाब से किया जाता है।

(1) ड्यूटी के स्थान
(2) आकस्मिक ठहराव के स्थान
(3) निवास स्थान
(4) किसी भी स्थान, जहां वह बीमार पड़ता हो

107. सी एस (एम ए) नियमावली, 1944 के अनुसार केन्द्र सरकार के किसी कर्मचारी के लिए प्राधिकृत चिकित्सीय परिचर के रूप में चिकित्सा अधिकारी की श्रेणी में निम्नलिखित में से कौन शामिल नहीं है?

(1) निजी (प्राइवेट) चिकित्सक
(2) चिकित्सा अधिकारी जो केन्द्र सरकार के कर्मचारी नहीं हैं
(3) राज्य सरकार के चिकित्सा अधिकारी
(4) निजी (प्राइवेट) दंतचिकित्सक

108. सी एस (एम ए) नियमावली, 1944 के अनुसार केन्द्र सरकार का कोई कर्मचारी चिकित्सा की निम्नलिखित प्रणाली से इलाज करवा सकता है

(1) एलोपैथी (2) होमियोपैथी (3) यूनानी (4) ये सभी

109. केन्द्र सरकार का कोई कर्मचारी सी एस (एम ए) नियमावली, 1944 के अनुसार अधिकतम ₹_________ की शर्त के साथ डिजिटल श्रवण सहायता सामग्री के लिए हुए खर्च की प्रतिपूर्ति ले सकता है।

(1) 20,000 (2) 40,000 (3) 60,000 (4) 70,000

110. सी एस (एम ए) नियमावली, 1944 के अनुसार केन्द्र सरकार के कर्मचारियों के चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति के लिए दावा इलाज पूरे होने की तारीख से _________ महीने के भीतर कर दिया जाना चाहिए।

(1) दो (2) तीन (3) चार (4) छह

111. निम्नलिखित प्राधिकारी केन्द्र सरकार के किसी कर्मचारी को निलंबन के अधीन रख सकता है

(1) नियुक्ति प्राधिकारी
(2) कोई भी प्राधिकारी, जिसका वह अधीनस्थ है
(3) अनुशासनिक प्राधिकारी
(4) ये सभी

112. केन्द्र सरकार के किसी कर्मचारी के संबंध में निम्नलिखित में क्या एक मुख्य (बड़ा) दंड नहीं है?

(1) निम्नतर ग्रेड में कम करके रखना

(2) निम्नतर पद में कम करके रखना

(3) निम्नतर सेवा में कम करके रखना

(4) अधिकतम 3 वर्ष तक समयमान में निम्नतर चरण में कम करके रखना

113. सी सी एस (सी सी ए) नियमों के अनुसार केन्द्र सरकार के किसी कर्मचारी पर किसी एक अकेले अपराध के लिए निम्नलिखित दंड लगाया जा सकता है

(1) केवल एक सांविधिक दंड

(2) वेतन से वसूली

(3) एक ही समय पर (1) और (2) दोनों

(4) दंड की संख्या पर कोई प्रतिबंध नहीं है

114. केन्द्र सरकार के किसी कर्मचारी के खिलाफ सी सी एस (सी सी ए) नियमावली के अनुसार जांच कर रहे किसी सेवारत जांच अधिकारी को देय मानदेय की अधिकतम राशि ₹________ प्रति मामला (केस) है।

(1) 7,500 (2) 10,000 (3) 15,000 (4) 20,000

115. सी सी एस (सी सी ए) नियमावली के अनुसार केन्द्र सरकार का जो कर्मचारी आरोपी है उसे जांच अफसर को अपना लिखित वक्तव्य (बयान) प्रस्तुत करने के लिए अधिकतम ________ दिनों की अनुमति दी जाती है।

(1) 6 (2) 8 (3) 10 (4) 15

116. सी सी एस (आचरण) नियमावली के अनुसार केन्द्र सरकार के किसी कर्मचारी के लिए निम्नलिखित में से किसकी अनुमति नहीं है?

(1) सिविल रक्षा सेवा में शामिल होना

(2) होम गार्ड संगठन में शामिल होना

(3) सेंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड में शामिल होना

(4) प्रदर्शनों में भाग लेना

117. सी सी एस (आचरण) नियमावली के अनुसार सेवा मसलों पर केन्द्र सरकार के किसी कर्मचारी से अभ्यावेदन ________ को संबोधित नहीं किया जाएगा।

(1) आसन्न उच्च अधिकारी

(2) विभागाध्यक्ष

(3) संबंधित सक्षम सबसे निचले अधिकारी

(4) सचिव, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग

118. निम्नलिखित में से किस गतिविधि से केन्द्र सरकार के किसी कर्मचारी द्वारा हड़ताल का मामला बनता है?

(1) कार्य से सामूहिक अनुपस्थिति

(2) काम धीरे कर देना

(3) धरने पर बैठना

(4) ये सभी

119. सी सी एस (आचरण) नियमावली के अनुसार केन्द्र सरकार के किसी कर्मचारी को प्रेस या रेडियो के साथ संचार के लिए अनुमति प्रदान करने की समय-सीमा ________ दिन है।

(1) 15 (2) 30 (3) 45 (4) 60

120. सी सी एस (आचरण) नियमावली के अनुसार सरकार की आलोचना का अर्थ है और इसमें शामिल हैं, ऐसी गतिविधियां

(1) जो सरकार की चालू और हालिया नीतियों को प्रभावित करती हैं

(2) जो केन्द्र और राज्य सरकार के बीच संबंधों को उलझन में डाल सकती हैं

(3) किसी विदेशी सरकार के साथ संबंधों को उलझन में डाल सकती हैं

(4) ये सभी

121. निर्धारण-वर्ष ________ की अवधि हो सकता है।

(1) केवल 12 महीनों से अधिक

(2) 12 महीने और 12 महीनों से कम

(3) केवल 12 महीनों

(4) 12 महीने और 12 महीनों से अधिक

122. जिस वर्ष आय करयोग्य होती है उसे ________ वर्ष और जिस वर्ष आय अर्जित की जाती है उसे ________ वर्ष के रूप में जाना जाता है।

(1) विगत, निर्धारण

(2) निर्धारण, विगत

(3) निर्धारण, निर्धारण

(4) विगत, विगत

123. सभी निर्धारितियों को निम्नलिखित का अनुपालन करना अपेक्षित होता है

(1) एकसमान विगत वर्ष जो अनिवार्यत: केवल कैलेंडर वर्ष होगा

(2) एकसमान विगत वर्ष जो अनिवार्यत: केवल वित्त वर्ष होगा

(3) 12 महीनों की किसी भी अवधि

(4) 1 जुलाई से शुरू होकर 30 जून तक की अवधि मात्र

124. निम्नलिखित में से किस मामले में विगत वर्ष की आय, स्वयं विगत वर्ष में ही निर्धारण-योग्य होती है?

(1) भारत छोडकर जाने वाले व्यक्तियों का निर्धारण

(2) भारत में नियोजन में लगा कोई व्यक्ति

(3) एक व्यक्ति जो अवैध कारोबार में लगा हो

(4) एक व्यक्ति जो कोई पूर्त संस्थान चला रहा हो

Section 174 Person leaving
172 Shipping business of n
174A - An AOP formed fo
175 - Person likely to
176 Discontinued bu